# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर

पीठासीन अधिकारी का नाम : सुश्री श्वेता कोचर (आर0ए0एस0 )
वाद सं0 : 386 सन 2018
अनवान :–

1. दलीप कुमार पुत्र राजेराम जाति जाट साकिन सुरपुरा तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

**वादी**

**बनाम**

1. राजेराम पुत्र सदुराम जाति जाट साकिन सुरपुरा तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2. धर्मपालसिह 3 छगनलाल पि0 राजेराम जाति जाट साकिन सुरपुरा तहसील नोहर
4 तारावती पत्नी धर्मवीर पुत्र राजेराम जाति जाट साकिन सुरपुरा तहसील नोहर
5 पुजा चौधरी 6 दिनेश चोधरी पि0 धर्मवीर नाबालिग जरिये कुदरती संरक्षिका माता मु. ताराबती पत्नी धर्मवीर जाति जाट साकिन सुरपुरा तहसील नोहर।
7. सीमादेवी 8. सावित्री देवी 9 सरोज पुत्रिया राजेराम जाति जाट साकिन सुरपुरा तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
10 हरीश कुमार 11 राजगुरू पुत्र पार्वती पुत्री राजेराम जाति जाट साकिन सुरपुरा तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
11 राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादीगण

**राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 88**

उपस्थित : श्री मागेराम गोदारा अधिवक्ता वादी
पेरोकार राज

**निर्णय दिनांक :–** 12/2/2020

सक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता यह वाद अन्तर्गत राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 88 के तहत इस आश्य का पेश किया गया की रोही मौजा दलपतपुरा के खसरा न0 448 / 4.8060 ,449 / 2.1500 , कुल 6.9560हैक रोही मौजा सुरपुरा के खाता संख्या 33 की 4.6410हैक 54 की 4.2740 , 155 की 1.3030 , कुल 10.2180हैक भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 सें दर्ज है।

उक्त भूमि पूर्व में वादी के दादा सदु वल्द हीराराम के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज थी वादी के दादा सदु वल्द हीराराम के देहान्त होने पर वाद विरास्तन से वाद भूमि उनके पुत्र प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से दर्ज हुई।

वाद भूमि जो प्रतिबादी संख्या 1 जो वादी के पिता है के नाम से दर्ज है वादी के दादा सदु वल्द हीराराम के देहान्त होने के बाद विरास्तन से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है जिसके कारण पैतृक सम्पति है एवं प्रतिवादी संख्या 1 का एक पुत्र धर्मवीर, एवं पुत्री पार्वती का देहान्त हो चुका है जिसके जायज वारिसान प्रतिवादी संख्या 4 ता 6 एव 10 ता 11 इसलिये वाद भूमिं वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 11 का प्रतिवादी संख्या 1 के साथ बराबर का हक हिस्सा है।

प्रतिवादी संख्या 4 ता 5 वादी के भाई की पत्नि व पुत्री है प्रतिवादी संख्या 7 ,ता 9 वादी की बहने है एवं प्रतिवादी संख्या 1 की पुत्री है एवं प्रतिवादी संख्या 10 ,11 प्रतिवादी संख्या 1 की पुत्री के वारिस है एवं प्रतिवादी संख्या 4 ता 5 ,7 ता 11 ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 ,6 के पक्ष में किया जा चुका है। इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 ,6 का बराबर का हक हिस्सा है जिसे राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है।

वादी ने प्रतिवादी संख्या 1 को कई मर्तबा कहा की वादी के हक हिस्सा की भूमि को उनके नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा देवे तो कुछ दिनों तक तो आज कल आज कल करते रहे किन्तु अन्त में इन्कार हो गये इसलिये यह वाद पेश किया गया है।

अतः वादी का वाद डिक्री किया जाकर घोषणा की जावे की प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी का पिता है के नाम से दर्ज भूमि को वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 ,6 बहिब के खातेदार काश्तकार राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है। वादी का वाद डिक्री फरमाया जावे।

उपखण्डाधिकारी (राजस्व)
नोहर

वादी का वाद प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया प्रतिवादी संख्या 1 ता 11 स्वय न्यायालय में उपस्थित आकर वादी के वाद को स्वीकार करते हुए ईकबाल दावा पेश किया जाकर प्रतिवादी संख्या 1 ने निवेदन किया की उसके नाम से दर्ज भूमि उसके पिता सदू वल्द हीराराम के देहान्त होने पर विरास्तन से प्राप्त हुई है प्रतिवादी संख्या 1 का एक पुत्र धर्मवीर, एवं पुत्री पार्वती का देहान्त हो चुका है जिसके जायज वारिसान प्रतिवादी संख्या 4 ता 6 एव 10 ता 11 इसलिये वाद भूमिं वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 11 है बराबर का हक हिस्सा है तथा प्रतिवादी संख्या 4 7 ता 11,जो वादी की बहन/भाई– बहन के वारिस है एवं प्रतिवादी संख्या 1 की पुत्री पुत्र/पुत्री के वारिस है ने निवेदन किया की उन्होने अपने हक हिस्सा की भूमि को अपने भाईयों/पिता/पुत्र वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1ता 3 ,6 के पक्ष में त्याग किया जा चुका है इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 ,6 के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज की जाती है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है व अपने कथनों के समर्थन में ईकबाला दावा पेश किया गया। ईकबाल दावा तस्दीक किया जाकर शामिल मिसल किया एवं प्रतिवादी संख्या 12 पेरोकार राज ने जबाब पेश किया की वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतों के आधार पर राज्य हकों को सुरक्षित रखते हुए निस्तारण किया जाता है तो कोई ऐतराज नही है जबाब शामिल मिसल किया गया।

प्रकरण में प्रतिवादीगण का ईकबाल प्रस्तुत होने के कारण तनकी की आवश्यकता नही रही साक्ष्य में वादी ने अपना शपथ पत्र पेश किया जिस पर प्रतिवादीगण के द्वारा जिरह नही करने के कारण जिरह शुन्य रही तत्पश्चात उभयपक्षों की बहस सुनी गई।

वकील वादी के अधिवक्ता ने अपनी बहस में अपने वाद में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया की रोही मौजा दलपतपुरा के खसरा न0 448/4.8060 ,449/2.1500 , कुल 6.9560हैक रोही मौजा सुरपुरा के खाता संख्या 33 की 4.6410हैक 54 की 4.2740 , 155 की 1.3030 , कुल 10.2180हैक भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 सें दर्ज है।

उक्त भूमि पूर्व में वादी के दादा सदु वल्द हीराराम के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज थी वादी के दादा सदु वल्द हीराराम के देहान्त होने पर वाद विरास्तन से वाद भूमि उनके पुत्र प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से दर्ज हुई।

वाद भूमि जो प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी के पिता है के नाम से दर्ज है वादी के दादा सदु वल्द हीराराम के देहान्त होने के बाद विरास्तन से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है जिसके कारण पैतृक सम्पति है एवं प्रतिवादी संख्या 1 का एक पुत्र धर्मवीर, एवं पुत्री पार्वती का देहान्त हो चुका है जिसके जायज वारिसान प्रतिवादी संख्या 4 ता 6 एव 10 ता 11 इसलिये वाद भूमिं वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 11 का प्रतिवादी संख्या 1 के साथ बराबर का हक हिस्सा है।

प्रतिवादी संख्या 4 ता 5 वादी के भाई की पत्नि व पुत्री है प्रतिवादी संख्या 7 ,ता 9 वादी की बहने है एवं प्रतिवादी संख्या 1 की पुत्री है एवं प्रतिवादी संख्या 10 ,11 प्रतिवादी संख्या 1 की पुत्री के वारिस है एवं प्रतिवादी संख्या 4 ता 5 ,7 ता 11 ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 ,6 के पक्ष में किया जा चुका है। इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 ,6 का बराबर का हक हिस्सा है जिसे राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है।

वादी के वाद को प्रतिवादी संख्या 1 ता 11 ने स्वीकार किया जाकर ईकबाल पेश किया जा चुका है अर्थात वादी के वाद के सम्बध में कोई ऐतराज नही है वादी अपने कथनों के सम्बध में न्यायायिक दृष्टान्त आर.बी.जे. 1998 पेज 615 एवं आरआरडी वर्ष 1998 पेज 646 प्रस्तुत कर निवेदन किया की कोई भी खातेदार काश्तकार आपसी सहमति /राजीनामा के आधार पर अपने हकों को स्थानान्तरण कर सकता है अतः वादी का वाद डिक्री फरमाया जावे।

पेरोकार राज ने निवेदन किया की वादी ने दादालाई/पैतृक सम्पति का वाद पेश किया है वादी के साक्ष्य सबुतों के आधार पर राज्यहकों को सुरक्षित रखते हुए वाद का निस्तारण फरमावे।

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)

हमने उभयपक्षो की बहस सुनी पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा दलपतपुरा के खसरा न0 448/4.8060 ,449/2.1500 , कुल 6.9560हैक्टेयर रोही मौजा सुरपुरा के खाता संख्या 33 की 4.6410हैक्टेयर 54 की 4.2740 , 155 की 1.3030 , कुल 10.2180हैक्टेयर भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 सें दर्ज है।

भू0प्रबन्ध विभाग की जमाबन्दी सम्वत 2029 से 2038 के अनुसार वाद भूमि सदु वल्द हीराराम के नाम से दर्ज थी अर्थात वाद भूमि पूर्व में वादी के दादा सदु वल्द हीराराम के नाम से दर्ज है वादी के दादा सदु वल्द हीराराम के देहान्त होने के वाद विरास्तन से वाद भूमि वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है विरास्तन से भूमि वादी के पिता के नाम से दर्ज होने के कारण पैतृक सम्पति होना साबित है। हिन्दु उतराधिकार अधिनियम की धारा 6 ,8 के अनुसार पैतृक सम्पति में वादी का हक हिस्सा है अर्थात दादा की सम्पति में पौते/पौतियों को बराबर का हक हिस्सा होगा। अर्थात वाद भूमि में वादी व प्रतिवादी संख्या 1 ता 11 हकदार है।

वादी का कथन है कि प्रतिवादी संख्या ,4 ता 5 ,7 ता 11 जो वादी की बहने एवं मृतक बहन पार्वति एवं भाई धर्मवीर के जायज वारिस है ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग किया हुआ है वादी के कथनों को प्रतिवादी संख्या 4 ता 5 , 7 ता 11 स्वय न्यायालय में उपस्थित होकर वादी के बाद को स्वीकार किया जाकर निवेदन किया की उन्होने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 ,6 के पक्ष में त्याग किया जा चुका है इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 ,6 के हक हिस्सा की भूमि है जिसे उनके नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज की जाती है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है व अपने कथनों के सामर्थन में ईकबाल भी पेश किया जा चुका है जो तस्दीक किया जाकर शमिल मिसल किया जा चुका है।

वादी के वाद को प्रतिवादीगण के द्वारा स्वीकार करने एवं वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुत एवं न्यायायिक दृष्टान्तों जो प्रकरण पर चस्पा होते है के आधार पर वाद वादी साबित होने के कारण काबिल डिक्री है तथा प्रतिवादी संख्या 4 ,5 ,7 ता 11 ने अपने हकों का त्याग किये जाने के कारण राज्यहकों की सुरक्षा के मध्यनजर स्टाम्प डयूटी कायम की जानी न्यायोचित है।

अतः वादी के वादी को प्रतिवादी संख्या 1 ता 11 के द्वारा वादी के वाद को स्वीकार करने एवं पेरोकार राज का किसी प्रकार का ऐजराज नही होने एवं वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतो एवं न्यायायिक दृष्टान्तों के आधार पर वाद वादी साबित होने के कारण डिक्री किया जाकर धोषणा की जाती है कि रोही मौजा दलपतपुरा के खसरा न0 448/4.8060 ,449/2.1500 , कुल 6.9560हैक्टेयर रोही मौजा सुरपुरा के खाता संख्या 33 की 4.6410हैक्टेयर 54 की 4.2740 , 155 की 1.3030 , कुल 10.2180हैक्टेयर भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 सें दर्ज है के वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 ,6 बहिब के खातेदार काश्तकार धोषित किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु ईजराय प्रार्थना पत्र के सलग्न 5000/– रू स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावे। यदि भूमि बैक के रहन हो तो वाद रहनमुक्त राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे। इसी आश्य की पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की गई पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो ।

निर्णय आज दिनांक 12/2/2020 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बसरे ईजलास में सुनाया गया ।

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व )
नोहर (हनुमानगढ )

# पर्चा डिक्री

( आर्डर 20, रूल 6–7 जाब्ता दिवानी )

**न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी नोहर**

अनवान :–

1. दलीप कुमार पुत्र राजेराम जाति जाट साकिन सुरपुरा तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

**वादी**

**बनाम**

1 राजेराम पुत्र सदुराम जाति जाट साकिन सुरपुरा तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2. धर्मपालसिह 3 छगनलाल पि0 राजेराम जाति जाट साकिन सुरपुरा तहसील नोहर
4 तारावती पत्नी धर्मवीर पुत्र राजेराम जाति जाट साकिन सुरपुरा तहसील नोहर
5 पुजा चौधरी 6 दिनेश चोधरी पि0 धर्मवीर नाबालिग जरिये कुदरती संरक्षिका माता मु. ताराबती पत्नी धर्मवीर जाति जाट साकिन सुरपुरा तहसील नोहर।
7. सीमादेवी 8. सावित्री देवी 9 सरोज पुत्रिया राजेराम जाति जाट साकिन सुरपुरा तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
10 हरीश कुमार 11 राजगुरू पुत्र पार्वती पुत्री राजेराम जाति जाट साकिन सुरपुरा तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
12 राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादीगण

**वाद अन्तर्गत धारा 88, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**
**राजस्व वाद संख्या 386 सन 2019 निर्णय दिनांक– 12/2/2020**

आज यह वाद मुझ श्वेता कोचर उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व ) नोहर के समक्ष अधिवक्ता वादी एवं पेरोकार राज की उपस्थिति में अंतिम निप्टारे / निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबुतो एवं प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी डिक्री किया जाकर धोषणा की जाती है कि रोही मौजा दलपतपुरा के खसरा न0 448 / 4.8060 ,449 / 2.1500 , कुल 6.9560हैक्‍ रोही मौजा सुरपुरा के खाता संख्या 33 की 4.6410हैक्‍ 54 की 4.2740 , 155 की 1.3030 , कुल 10.2180हैक्‍ भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 से दर्ज है के वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 ,6 बहिब के खातेदार काश्तकार धोषित किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु ईजराय प्रार्थना पत्र के सलग्न 5000 / – रू स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावे। यदि भूमि बैक के रहन हो तो वाद रहनमुक्त राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे।

पर्चा डिक्री आज दिनांक 12/2/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी की गई ।

उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व )
नोहर ( हनुमानगढ )